>

Title : Need to expedite the implementation of project for protection & rehabilitation of tigers in Sariska Tiger Reserve, Alwar, Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र अलवर के अंतर्गत सरिस्का को प्रोजेक्ट टाईगर रिर्जव घोषित किया हुआ है। सरिस्का से बाघों के विलुप्त हो जाने से पूरे देश में बाघों के संरक्षण पर राष्ट्रीय बहस छिड़ी हुई है। प्रधानमंत्री जी ने सरिस्का में बाघों के पुनर्वास व पुनर्स्थापना हेतु सदन में आश्वासन दिया हुआ है। भारतीय जीव संस्थान देहरादून के तकनीकी सहयोग से सरिस्का में बाघों को पुनर्स्थापित करने हेतु प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। 4.60 करोड़ की संशोधित योजना सरकार के वन एवम पर्यावरण विभाग के विचाराधीन है। मेरी माननीय प्रधानमंत्री जी से प्रार्थना है कि बाघों के पुनर्स्थापन का कार्य तीव्र गति से किया जाये ताकि अलवर आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो।

---

* Treated as laid on the Table.